Website : www.highwaychannel.in

छत्तीसगढ़ का सर्वाधिक प्रसारित शाम का अखबार

हाईवे चैनल

वर्ष- 28 अंक- 316 रायपुर, गुरुवार 11 दिसम्बर 2025 पृष्ठ-8 मूल्य- 2.50 रुपया • रायपुर • जगदलपुर से प्रकाशित RNI रजिस्ट्रेशन नं. 68139/98

अगले साल छत्तीसगढ़ से राज्य सभा की दो सीटें होंगी खाली, दावेदारों की लॉबिंग शुरू

रायपुर, 11 दिसंबर (हाईवे चैनल)। अगले साल अप्रैल 2026 में छत्तीसगढ़ से राज्य सभा की दो सीटें रिक्त होने जा रही हैं. इसमें राज्य सभा सदस्य फूलोदेवी नेताम और कवि तेजपाल सिंह तुलसी का कार्यकाल 9 अप्रैल 2026 को खत्म होगा. इसके साथ ही छत्तीसगढ़ में राज्य सभा की दो सीटों के लिए चुनाव होंगे. जिसमें एक सीट भाजपा और एक सीट कांग्रेस को मिलना तय है. उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ विधानसभा में 90 सदस्यों में 54 भाजपा, 35 कांग्रेस और एक गोड़वाना गणतंत्र पार्टी का विधायक है।

चुनाव की स्थिति में प्रथम और द्वितीय ऑप्शन को लेकर वोटिंग होगी. इसमें भाजपा के विधायक अपने राज्य सभा प्रत्याशी को वोट करेंगे, वहीं कांग्रेस के विधायक अपने प्रत्याशी को वोट करेंगे. ऐसी स्थिति में दोनों पार्टियों से एक-एक प्रत्याशी बनाए जाएंगे. मालूम हो कि वर्तमान में छत्तीसगढ़ से पांच राज्य सभा सांसद हैं. इसमें फूलोदेवी नेताम, कवि तेजपाल सिंह तुलसी, राजीव शुक्ला, रंजीत रंजन और देवेंद्र प्रताप सिंह. इसमें चार राज्यसभा सदस्य पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में बनाए गए थे. वहीं भाजपा के सत्ता में आने के बाद वर्ष 2024 में देवेंद्र प्रताप सिंह को राज्य सभा सदस्य बनाया गया. वैसे तो देशभर में नवंबर 2025 से अप्रैल 2026 के बीच राज्य सभा की करीब 70 से अधिक सीटें खाली हो जाएंगी।

इसमें कई दिग्गज नेता व प्रमुख नाम शामिल हैं, मगर छत्तीसगढ़ की रिक्त होने वाली दो सीट को लेकर चार महीने पहले ही चर्चा शुरू हो गई है. चर्चा की एक वजह भाजपा और कांग्रेस को संख्या बाल के मुताबिक एक-एक सीट मिलना तय है. भाजपा में राज्य सभा सीट को लेकर वैसे तो दावेदारों की लंबी कतार है, किंतु भाजपा में सामूहिक निर्णय होता है, इसलिए भाजपा में दावेदारी को लेकर लॉबिंग नजर नहीं आती है, किंतु कांग्रेस में अभी से दावेदारों के नाम सामने आने लगे हैं. कांग्रेस नेताओं को उम्मीद है कि सरकार में रहते हुए राज्यसभा में चार सदस्य बनाए गए, इसमें तीन बाहरी थे, जिसके चलते प्रदेश कांग्रेस की जमकर किरकिरी हुई, इसलिए इस बार शायद छत्तीसगढ़ से ही किसी की मौका मिले. कुल मिलाकर राज्यसभा की रिक्त होने चाली दो सीटों को लेकर राजनीतिक गलियारे में चचर्चाएं शुरू हो गई है.

शहीद वीर नारायण सिंह का बलिदान, आत्मगौरव संघर्ष और स्वाभिमान का प्रतीक : साय

रायपुर/बलौदाबाजार, 11 दिसंबर। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा है कि शहीद वीर नारायण सिंह का बलिदान छत्तीसगढ़ के आत्मगौरव, संघर्ष और स्वाभिमान का अमर प्रतीक है। वे आज सोनाखान में आयोजित श्रद्धांजलि सभा में प्रदेश के प्रथम शहीद वीर नारायण सिंह को नमन करने पहुंचे, जहां उन्होंने शहीद के वंशजों को सम्मानित किया और क्षेत्र के विकास के लिए कई महत्वपूर्ण घोषणाएँ कीं। मुख्यमंत्री ने सोनाखान में मुख्यमंत्री ग्रामीण बस योजना अंतर्गत बस सेवा प्रारंभ करने, नवीन प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र भवन निर्माण हेतु 75 लाख रुपये, सियान सदन निर्माण के लिए 50 लाख रुपये तथा मड़ई मेला स्थल में शौचालय निर्माण के लिए 20 लाख रुपये स्वीकृत करने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि सोनाखान में इको-टूरिज्म विकास और सड़क निर्माण हेतु आवश्यक प्रावधान आगामी बजट में शामिल किए जाएंगे जिससे इस ऐतिहासिक स्थल को नई पहचान मिलेगी और स्थानीय लोगों को रोजगार एवं सुविधाओं में वृद्धि होगी।

- **नवीन प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र भवन, सियान सदन और मुख्यमंत्री ग्रामीण बस योजना अंतर्गत बस सेवा प्रारंभ करने की घोषणा**
- **101 करोड़ से अधिक के विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन**
- **मुख्यमंत्री सोनाखान में आयोजित शहीद वीर नारायण सिंह की शहादत दिवस पर आयोजित श्रद्धांजलि सभा में हुए शामिल**

मुख्यमंत्री साय ने कहा कि शहीद वीर नारायण सिंह अंग्रेजी शासन के अत्याचार के विरुद्ध गरीबों, किसानों और वंचित समुदायों के अधिकारों की रक्षा के लिए खड़े हुए एक ऐसे वीर सपूत थे, जिन्होंने भीषण अकाल के समय गरीबों में अनाज बांटकर मानवता की ऐतिहासिक मिसाल पेश की।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए आदिम जाति विकास मंत्री रामविचार नेताम ने कहा कि आज ही के दिन अंग्रेजी हुकूमत ने रायपुर के जयस्तंभ चौक में वीर नारायण सिंह को फांसी दी थी। वे अन्याय के खिलाफ संघर्ष करते हुए शहीद हुए और उनका बलिदान पीढ़ियों तक लोगों को प्रेरित करता रहेगा। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कुल 101.44 करोड़ रुपये की लागत के 119 विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास ग्रामीण के 10 हितग्राहियों को घरों की चाबियाँ सौंपी तथा 'हम होंगे कामयाब' कार्यक्रम के अंतर्गत 37 युवाओं को नियुक्ति पत्र प्रदान किए। आदिवासी समाज के पाँच प्रतिभावान छात्रों को भी मंच पर सम्मानित किया गया। समारोह में वन मंत्री केदार कश्यप, राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल, पूर्व विधायक डॉ. सनम जांगड़े तथा शहीद वीर नारायण सिंह के वंशज राजेंद्र दीवान सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित थे।

ब्रेकिंग न्यूज

तिरुपति मंदिर में 10 साल तक सप्लाई किया गया 55 करोड़ का 'नकली सिल्क दुपट्टा'

नई दिल्ली, 11 दिसंबर (न्यूज चैनल)। लड्डू में चर्बीयुक्त नकली घी घोटाले के बाद आंध्र प्रदेश के तिरुमला तिरुपति देवस्थानम में एक नया घोटाला सामने आया है।

तिरुपति मंदिर में लड्डू के बाद सिल्क दुपट्टा का महाघोटाला सामने आया है। कॉन्ट्रैक्टर ने शुद्ध मुलबेरी सिल्क दुपट्टों की जगह लगातार 100ज्ञ पॉलिएस्टर दुपट्टे सप्लाई किए। ट्रस्ट का आरोप है कि 2015 से 2025 तक भक्तों-दानदाताओं को दिए जाने वाले पवित्र रेशमी (सिल्क) दुपट्टे असल में 100ज्ञ पॉलिएस्टर के थे। मंदिर में 10 साल तक करीब 55 करोड़ रुपये का नकली सिल्क दुपट्टा सप्लाई किया गया। ?350 के पॉलिएस्टर दुपट्टे सिल्क बताकर ?1300 में बेचे गए। ञ्जञ्जष्ट बोर्ड ने चेयरमैन बी.आर. नायडू के निर्देश पर एक इंटरनल जांच शुरू की गई थी, जिसके बाद पूरा मामला सामने आया। पूरे मामले को राज्य एंटी करप्शन ब्यूरो को जांच के लिए सौंप दिया है। नायडू के अनुसार, मंदिर में दान देने वाले बड़े दानकर्ता को प्रसाद के तौर पर सिल्क दुपट्टा ओढ़ाया जाता है। इसके अलावा वेदाशीर्वचनम् जैसे पूजा-अनुष्ठानों में सिल्क दुपट्टे इस्तेमाल होते हैं। उनमें भी सस्ता पॉलिएस्टर इस्तेमाल किया गया।

उनके हाथ कांप रहे थे, वे बहुत मानसिक दबाव में हैं- राहुल गांधी ने फिर गृहमंत्री अमित शाह पर साधा निशाना

नई दिल्ली, 11 दिसम्बर (न्यूज चैनल)। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने गृह मंत्री अमित शाह पर अपना हमला जारी रखा, जिन्होंने लोकसभा में चुनाव सुधार पर बहस के दौरान कांग्रेस पार्टी की जमकर आलोचना की थी। राहुल गांधी ने कहा कि गृह मंत्री ने उनके किसी भी सवाल का सीधा जवाब नहीं दिया। उन्होंने कहा कि अमित शाह जी कल बहुत घबराए हुए थे। उन्होंने गलत भाषा का प्रयोग किया, उनके हाथ कांप रहे थे... वे बहुत मानसिक दबाव में हैं। यह सबने कल देखा। मैंने उनसे जो भी पूछा, उन्होंने उसका सीधा जवाब नहीं दिया। उन्होंने कोई सबूत नहीं दिया। मैंने उन्हें सीधे तौर पर चुनौती दी है कि वे मैदान में आएं और संसद में मेरी सभी प्रेस कॉन्फ्रेंस पर चर्चा करें। मुझे कोई जवाब नहीं मिला। एक अन्य कांग्रेस सांसद तनुज पुनिया ने भी उनका समर्थन करते हुए कहा कि जो पारदर्शिता होनी चाहिए थी, वह नहीं दिखी। हरियाणा में जो हुआ, उन्होंने उसके असली सवालों का जवाब नहीं दिया,

हसदेव नदी में डूबने से 3 बच्चों की मौत, शव बरामद

जांजगीर-चांपा, 11 दिसम्बर (हाईवे चैनल)। छत्तीसगढ़ के जांजगीर-चांपा में बीती शाम लापता हुए 3 बच्चों के शव हसदेव नदी से बरामद हुए हैं। तीनों बच्चे सोमवार को स्कूल की छुट्टी होने की वजह से सुबह 10 बजे हनुमान धारा पहुंचे थे। लेकिन देर शाम तक वे घर नहीं लौटे। देर रात तक गोताखोरों की टीमें उन्हें ढूंढने में लगी रही। 26 घंटे बाद आज तीनों की लाश नदी से बरामद की गई है। जानकारी के मुताबिक, मृतक बच्चों की पहचान- रूद्र कुमार कक्षा 5वीं, युवराज कक्षा 8वीं, नेल्सन कक्षा 9वीं के रूप में हुई। तीनों बच्चे मनका पब्लिक स्कूल के छात्र थे और एक ही मोहल्ले के रहने वाले थे। इनमें से एक बच्चा सकी जिले में पदस्थ एएसआई का पुत्र है। परिजनों ने बताया कि तीनों बच्चे एक ही मोहल्ले के रहने वाले थे और बीते दिन सुबह साइकिल से घूमने निकले थे। जब शाम तक बच्चे वापस नहीं आए तो परिजनों ने तलाश शुरू की। एक बच्चे के पास मोबाइल फोन था, लेकिन कॉल रिसीव नहीं हो रहा था। मोबाइल की लोकेशन ट्रेस की गई तो उसका अंतिम लोकेशन हनुमान धारा नदी किनारे मिला. इसी के बाद परिजन और ग्रामीण नदी की ओर पहुंचे।

स्क्रैप कारोबारी समेत 3 की फार्म हाउस में मिली लाश, करोड़पति बनने कर रहे थे तांत्रिक पूजा

कोरबा, 11 दिसंबर (हाईवे चैनल)। छत्तीसगढ़ के कोरबा में एक सनसनीखेज मामला सामने आया है. स्क्रैप व्यवसाय से जुड़े अशरफ मेमन समेत 3 लोगों के शव उनके फार्महाउस में मिले हैं. यह तीनों बीती रात स्क्रैप व्यापारी के बरबसपुर स्थित यार्ड में बैगा के साथ तांत्रिक क्रिया कर रहे थे. तांत्रिक क्रिया के दौरान एक-एक कर बैगा ने तीनों को कमरे में बुलाया और कुछ ही देर में तीनों की मौत हो गई.

जानकारी के मुताबिक, मृतकों में अशरफ मेमन, कोरबा का एक स्थानीय युवक और बिलासपुर निवासी एक युवक शामिल है. बिलासपुर निवासी बैगा राजेन्द्र कुमार ने इन्हें दावा किया था कि अगर वे बैगा को 5 लाख देते हैं, तो वह तांत्रिक क्रिया द्वारा उन्हें 2.5 करोड़ बनाकर देगा. इसी अंधविश्वास के चलते बीती रात तीनों ने पूजा रखवाई, लेकिन बंद कमरे में कुछ ऐसा हुआ कि तीनों को अपने जान से हाथ धोना पड़ा.

बैगा राजेन्द्र कुमार के साथ बिलासपुर के अमेरी से आए अश्विनी कुर्रे ने बताया कि बैगा और बैगा का एक साथी अंदर कमरे में थे. राजेन्द्र और एक और साथी बाहर थे. उसने बताया कि बैगा ने अंदर कमरे में तंत्र-मंत्र क्रिया शुरू की. पूजा के दौरान बैगा ने एक-एक कर अशरफ मेमन समेत तीनों मृतकों को कमरे में बुलाया और नींबू दिया और कमरे में बंद करते जा रहा था. बैगा ने उन्हें 15 से 30 मिनट तक के लिए कमरे में बंद किया था. लेकिन जब दरवाजा खोला गया, तो तीनों की मौत हो चुकी थी. इस पूरे मामले में पुलिस ने बैगा समेत तीन आरोपियों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है. आशंका जताई जा रही है कि जहर खुरानी देकर तीनों को मौत के घाट उतारा गया है. फिलहाल पुलिस ने मर्ग कायम कर शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और आगे की जांच तेज कर दी है. इस तिहरे हत्याकांड के बाद पूरे शहर में भय और सनसनी का माहौल है।

अमेरिका के बाद अब मैक्सिको ने भी बढ़ाया टैरिफ, भारत पर सीधा असर!

उद्योगों में चिंता

नई दिल्ली, 11 दिसम्बर (न्यूज चैनल)। दुनिया में एक बार फिर टैरिफ वॉर की आहट सुनाई दे रही है। अमेरिका के बाद अब मेक्सिको ने एक बड़ा कदम उठाते हुए चीन समेत कई एशियाई देशों से आने वाले सामानों पर 50 प्रतिशत तक हाई टैरिफ लगाने का फैसला किया है। मेक्सिको की सीनेट ने इस प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है और ये नए टैरिफ अगले साल यानी 2026 से लागू होने वाले हैं। मेक्सिको के इस कदम से उन देशों को बड़ा झटका लगने वाला है, जिनके साथ उसका कोई मुक्त व्यापार समझौता नहीं है। रिपोर्ट के मुताबिक मेक्सिको द्वारा बढ़ाया गया यह टैरिफ अगले साल 2026 से लागू होगा। इस फैसले से सबसे ज्यादा प्रभावित होने वाले देशों में निम्नलिखित राष्ट्र शामिल हैं- इन सभी देशों से आने वाले ऑटो पार्ट्स, टेक्सटाइल स्टील समेत अन्य सामानों पर अगले साल से मेक्सिको 50 प्रतिशत तक टैरिफ वसूलेगा। सीनेट में पास किए गए प्रस्ताव के मुताबिक लगभग 1400 आयातित सामानों पर शुल्क लगाया जाएगा जिसमें कुछ सामानों पर टैरिफ को बढ़ाकर 35 फीसदी तक किया गया है।

'बर्च बाय रोमियो लेन्स' नाइट क्लब में हुई अग्निकांड के मुख्य आरोपी सौरभ और गौरव लूथरा थाईलैंड से गिरफ्तार

भारत लाने की तैयारी तेज़

नई दिल्ली, 11 दिसम्बर (न्यूज चैनल)। गोवा के मशहूर 'बर्च बाय रोमियो लेन्स' नाइट क्लब में हुई भयावह अग्निकांड की घटना में पुलिस ने बड़ा एक्शन लिया है। इस हादसे के मुख्य आरोपी और क्लब के मालिक गौरव और सौरभ लूथरा को थाईलैंड से गिरफ्तार कर लिया गया है। अब गोवा पुलिस जल्द ही दोनों भाइयों को भारत वापस लाने की तैयारी कर रही है। यह दर्दनाक घटना 7 दिसंबर की रात को घटी थी जिसमें 25 लोगों की मौत हो गई थी। जाँच में सामने आया कि आग लगने की घटना के कुछ ही घंटों के भीतर ये दोनों लूथरा ब्रदर्स इंडिगो की फ्लाइट से थाईलैंड फरार हो गए थे। पुलिस द्वारा इन दोनों के खिलाफ कार्रवाई शुरू करने के बाद विदेश मंत्रालय ने इनके पासपोर्ट भी सस्पेंड कर दिए थे जिससे ये फुकेट से आगे नहीं जा पाए।

'क्या संघी गाते हैं वंदेमातरम्?' पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के सवाल पर स्वास्थ्य मंत्री जायसवाल ने दिया करारा जवाब

रायपुर, 11 दिसम्बर (हाईवे चैनल)। क्या मोहन भागवत या संघी वंदेमातरम गाते हैं? भूपेश बघेल के इस सवाल पर स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने कड़ा जवाब दिया है. उन्होंने कहा कि भूपेश बघेल संघ का गीत गा रहे यह अच्छी बात है. उन्हें हर सुबह 'नमस्ते सदा वत्सले मातृभूमे' गाना चाहिए.

स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने मीडिया से चर्चा में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को लेकर कहा कि अगर मोहन भागवत से वंदेमातरम सुनना है, तो उनके पास जाएं. संघ की शाखा में जाकर प्रार्थना सीखना चाहिए. हर भारतीय को संघ की शाखा में जाना चाहिए. वंदेमातरम के पदों को काटने का काम तो कांग्रेस ने किया. कांग्रेस को इसके लिए देश से माफी मांगना चाहिए. वहीं नीट यूजी सीट को लेकर नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत के पत्र पर स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि कांग्रेस नेताओं का पत्र लिखना पुरानी परंपरा है. स्टेट कोटा को सेंट्रल और स्टेट में मर्ज करने का आदेश दिया था. हमने कोर्ट में अपील की, अपील स्वीकार हो गई है. उच्च न्यायालय का फैसला आने तक हमने आदेश पर रोक लगा दी है.

दुर्ग जिले में मिले 37 हजार मृत मतदाता, सबसे अधिक दुर्ग शहर में, तो सबसे कम भिलाई नगर में

दुर्ग, 11 दिसम्बर (हाईवे चैनल)। दुर्ग जिले की सभी 6 विधानसभा क्षेत्रों में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) का कार्य पूरी तरह पूरा कर लिया गया है. जिले में 37,099 मतदाता मृत पाए गए हैं. इनमें सर्वाधिक 8,956 मृत मतदाता दुर्ग शहर में दर्ज हुए हैं. जबकि भिलाई नगर में मृतक सबसे कम 4,120 पाए गए, इसके अलावा करीब 1.50 लाख मतदाता ऐसे मिले जो अपने पुराने पते पर नहीं रहते, इन्हें स्थाई रूप से स्थानांतरित मतदाताओं की श्रेणी में रखा गया है. वहीं 51 हजार 59 वोटर्स ऐसे पाए गए, जिनका कोई पता उपलब्ध नहीं हो सका।

प्रशासन नए सिरे से मतदाताओं की जांच और वोटर लिस्ट को अपडेट करने की प्रक्रिया में जुट गया है. प्रशासन बिना किसी रुकावट के 11 दिसंबर तक तय मानकों के अनुसार कार्य पूरा करने का लक्ष्य है, इसके लिए जिले के सभी 1397 बीएलओ को फॉर्म-6 वितरित किया गया है, जिनके जरिए नए मतदाता भी अपना नाम जुड़वा सकेंगे और पात्र मतदाता अपने पोलिंग बूथ बदल सकेंगे यह प्रक्रिया वोटर लिस्ट के ड्राफ्ट प्रकाशन के बाद शुरू होगी. जिले की 6 विधानसभा सीटों पर एसआईआर स्टेटस रिपोर्ट के अनुसार, एसआईआर मैपिंग में यह भी सामने आया कि 4 लाख 42 हजार मतदाता ऐसे हैं जिनके माता-पिता का नाम 2003 की वोटर लिस्ट में भी मिला, जिन्हें कैटेगरी, में रखा गया है. जबकि 4 लाख 48 हजार वोटर्स ऐसे मिले जिनका नाम 2003 में नहीं था, लेकिन 2025 की सूची में शामिल है, उन्हें कैटेगरी क्रमें शिफ्ट किया गया है. इसके अलावा 69,057 मतदाताओं का डेटा 2003 में उपलब्ध नहीं हो सका है. कलेक्टर अभिजीत सिंह ने बताया कि 6 विधानसभाओं में फॉर्म का डिजिटलाइजेशन 100ज्ञ पूरा कर लिया गया है, जिन मतदाताओं को नॉन कलेक्टेबल श्रेणी में रखा गया था, जैसे मृत्यु,पता परिवर्तन,सिग्नेचर से इंकार या अनुपस्थिति पाई गई उन सभी का एक बार फिर री-वेरिफिकेशन भी जारी है. ताकि वोटर लिस्ट को पूरी तरह शुद्ध और पारदर्शी बनाई जा सके.

एसआईआर फॉर्म भरने का अंतिम दिन आज



रायपुर, 11 दिसंबर (हाईवे चैनल)। स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन के तहत मतदाता सूची में नाम जुड़वाने और संशोधन के लिए अंतिम तिथि 11 दिसंबर निर्धारित है. हालांकि कई लोगों को अभी भी गणना प्रपत्र नहीं मिला है, कुछ को 2003 की वोटर लिस्ट में अपना नाम नहीं मिल रहा, जबकि कई लोग शहर से बाहर होने की वजह से फॉर्म नहीं भर पाए हैं. इन्हीं समस्याओं को लेकर मतदाताओं में चिंता बढ़ गई है कि आखिर 11 दिसंबर के बाद क्या विकल्प बचेंगे। चुनाव आयोग के नियमों के अनुसार, यदि आप 11 दिसंबर तक स्क्रूक्र फॉर्म नहीं भर पाते, तब भी घबराने की जरूरत नहीं है. आपके पास अगले 30 दिन यानी क्लेम-ऑब्जेक्शन अवधि के दौरान 15 जनवरी 2025 तक दावा या आपत्ति दर्ज कराने का पूरा मौका रहेगा. खास बात यह है कि देरी होने पर आपको किसी तरह का फाइन नहीं देना होगा. यदि बीएलओ से फॉर्म प्राप्त नहीं हो पाया है, तो आप इसे चुनाव आयोग की मतदाता सेवा पोर्टल voters.eci.gov.in से ऑनलाइन भी भर सकते हैं.

बिरादरी की बातें

चूहा- सुनती हो,अमित शाह कह रहे हैं कि सबसे पहला एसआईआर नेहरू जी ने कराया था।

चुहिया- हां जी, तो क्या करें ये बात किसी ने बताई नहीं थी..!